# कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरोही
## प्रसार शिक्षा निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

## विज्ञप्ति

क्रमांक 325

दिनांक 10.08.2026

**पल्स टेक्नोलॉजी एजेंट (PTA) के संविदा आधार पर चयन हेतु विज्ञप्ति**

आईसीएआर–अटारी, जोधपुर द्वारा क्लस्टर फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन पल्सेस (CFLDs Pulses) (खरीफ–2026) कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरोही हेतु 01 पल्स टेक्नोलॉजी एजेंट (दलहन तकनीक एजेंट) का पद 06 माह के लिए स्वीकृत किया गया है। इस पद पर नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं संविदा आधार पर की जाएगी।

**संक्षिप्त विवरण:**
**पद का नाम:** पल्स टेक्नोलॉजी एजेंट (PTA)
**पद संख्या:** 01
**अवधि:** 06 माह
**मानदेय:** ₹10,000/– प्रतिमाह

**पल्स टेक्नोलॉजी एजेंट (PTA) के रूप में नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी में निम्नलिखित योग्यताएँ होना आवश्यक है—**

- अभ्यर्थी युवा, प्रगतिशील एवं व्यवहारिक (प्रायोगिक) किसान होना चाहिए।
- अभ्यर्थी ने उच्च माध्यमिक (सीनियर सेकेंडरी/ हाई स्कूल) परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
- अभ्यर्थी को कृषि कार्य में 5 साल का अनुभव होना चाहिए, जिसमें दलहन फसलों की खेती का अनुभव वांछनीय होगा।
- अभ्यर्थी अपने क्षेत्र के किसानों के मध्य उन्नत कृषि तकनीकों को सफलतापूर्वक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की क्षमता वाला होना चाहिए।
- अभ्यर्थी में मौखिक एवं लिखित संप्रेषण (संचार) कौशल अच्छा होना चाहिए।

**मानदेय (Honorarium)**

- पल्स टेक्नोलॉजी एजेंट (PTA) को ₹10,000/– (रुपये दस हजार मात्र) प्रतिमाह का एकमुश्त मानदेय देय होगा।

**पल्स टेक्नोलॉजी एजेंट (PTA) के कार्य एवं दायित्व (Role and Responsibilities)**

- पल्स टेक्नोलॉजी एजेंट निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करेगा—
- कृषि विज्ञान केन्द्र (KVK) को दलहन फसलों पर क्लस्टर फ्रंट लाइन प्रदर्शन (CFLDs) के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करना।
- प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) से जुड़े कृषकों के साथ नियमित संपर्क एवं समन्वय बनाए रखना।
- कृषि मैपर (Krishi Mapper) एप्लीकेशन पर सभी CFLDs से संबंधित आँकड़ों एवं छायाचित्रों का नियमित रूप से अद्यतन (अपलोड) कराने में सहयोग करना।
- प्रदर्शन क्लस्टरों में किसानों को दलहन उत्पादन की उन्नत तकनीकों संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान करना।

- किसान–वैज्ञानिक संवाद, क्षेत्र भ्रमण, फील्ड दिवस तथा अन्य प्रसार गतिविधियों के आयोजन एवं संचालन में सहयोग देना।
- किसानों को उन्नत दलहन उत्पादन तकनीकों को बड़े स्तर पर अपनाने हेतु प्रोत्साहित करना।
- वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरोही द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का भी निर्वहन करना।

**नियुक्ति की अवधि**

- 06 माह तक (कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के नियमानुसार)

पल्स टेक्नोलॉजी एजेंट (PTA) की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं परियोजना–आधारित होगी तथा यह नियुक्ति स्वीकृत CFLD- Pulses (खरीफ–2026) कार्यक्रम की अवधि एवं निधि (Fund) की उपलब्धता तक ही प्रभावी रहेगी।

**सामान्य शर्तें:**

- **नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं परियोजना आधारित होगी।**
- **नियुक्ति से नियमित सेवा का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।**
- **साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।**
- **वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरोही का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।**

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र केन्द्र के कार्यालय से या फिर कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरोही की वेबसाइट से प्राप्त कर एवं आवश्यक प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित दिनांक 17/08/2026, सुबह 11:00 बजे तक कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरोही में प्रस्तुत करें। साक्षात्कार उसी दिन 17/08/2026 को दोपहर 2 बजे से होगा।

Ravi

(वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष)
कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरोही

Senior Scientist and Head
Krishi Vigyan Kendra
SIROHI (RAJ.)